CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 124 रायपुर, गुरुवार 29 मई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## पीओके एक दिन हमारा होकर ही रहेगा : राजनाथ



पाकिस्तान को आतंकवाद की भारी कीमत चुकानी होगी

**नई दिल्ली,** 29 मई (न्यूज चैनल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ-साफ कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर एक दिन हमारा होकर ही रहेगा। पाकिस्तान से सिर्फ आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर ही होगी। पीओके के लोग हमारे अपने ही है। पीओके एक दिन खुद कहेगा कि हम भारत का हिस्सा है। रही बात आतंकवाद की तो अब भारत इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

रक्षा मंत्री ने कहा आपने देखा कि कैसे हमने पहले आतंकी ठिकानों को नष्ट किया और फिर दुश्मन के सैन्य ठिकानों और एयरबेसों को। %करने को हम कुछ और भी कर सकते थे%, लेकिन हमने दुनिया के सामने शक्ति और संयम के समन्वय का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया। राजनाथ सिंह भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन-2025 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में अनिश्चितता का माहौल है। हर जगह संघर्ष चल रहा है। इसका मुख्य कारण भरोसे की कमी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, %ऑपरेशन सिंदूर में पूरे देश के लोगों ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा, समझा और महसूस किया है। आज यह साबित हो गया है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

## पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ में होने वाली मॉक ड्रिल टाला गया

नई दिल्ली, 29 मई (न्यूज चैनल)। जब देश की सेना पाकिस्तान की ओर से उठते खतरे को देखते हुए युद्ध स्तर की तैयारियों में जुटी है, उसी समय भारत-पाक सीमा से सटे कई राज्यों में प्रस्तावित नागरिक सुरक्षा अभ्यास (सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल) को टाल दिया गया है। इस मॉक ड्रिल को 'ऑपरेशन शील्ड' नाम दिया गया था और इसका आयोजन 29 मई को होना था। हालांकि अब पंजाब, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और चंडीगढ़ में इसे प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए स्थगित कर दिया गया है।

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को सेना की रेड ईगल डिवीजन का दौरा किया और युद्ध की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने उभरते खतरों से निपटने की सेना की तत्परता, नई तकनीकों के एकीकरण और सैनिकों के समर्पण की सराहना की। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों से मुलाकात कर उनके हौसले की भी तारीफ की।सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि पाकिस्तान की धरती पर पल रहे आतंकवादियों के खिलाफ %ऑपरेशन सिंदूर% अब भी जारी है। प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और सेना प्रमुख तीनों ने इस बात को दोहराया है कि यह अभियान केवल सीमित कार्रवाई नहीं, बल्कि एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। पंजाब सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर सिविल डिफेंस अभ्यास के लिए 3 जून की नई तारीख का प्रस्ताव दिया है। राज्य सरकार ने बताया कि उनके सिविल डिफेंस कर्मी इस समय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं, इसलिए तत्काल अभ्यास कराना संभव नहीं था। केंद्र ने इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। गुजरात और राजस्थान की सरकारों ने भी 'ऑपरेशन शील्ड' को फिलहाल स्थगित कर दिया है। दोनों राज्यों के सूचना विभागों की ओर से जारी बयानों में कहा गया कि प्रशासनिक कारणों के चलते मॉक ड्रिल को टालना पड़ा है, और इसकी नई तारीखें जल्द घोषित की जाएंगी।

## अमित शाह ने 2026 से पहले नक्सलवाद खत्म करने का लिया है संकल्प : कैलाश विजयवर्गीय

**रायपुर,** 29 मई (हाईवे चैनल)। नक्सलवाद को लेकर दिग्गज भाजपा नेता और मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि केवल छत्तीसगढ़ से ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र से भी नक्सलवाद खत्म हो रहा है. केंद्रीय गृह मंत्री का संकल्प 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करना है।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पितृ शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय ने फसलों पर केंद्र सरकार की एमएसपी बढ़ाने की घोषणा पर कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों की आय दोगुना करने की बात की थी. हर साल एमएसपी बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि नदी जोड़ो अभियान से किसानों के खेत में पानी पहुंचा रहा है. नदियों का ओवरफ्लो पानी किसानों के खेत में जा रहा है. वहीं अहिल्याबाई की जयंती को लेकर कहा कि अहिल्याबाई बहुत महान रानी थीं. कष्ट के बाद भी उन्होंने बहादुरी से अपने राज्य चलाया और अपने राज्य का अर्थव्यवस्था सुधारी. उस जमाने में इन्वेस्टमेंट लेकर आईं और अपने राज्य की महिलाओं को रोजगार देते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया।

### मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मुख्यमंत्री विष्णदेव साय से मिले



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में मध्यप्रदेश शासन के शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विविध विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने विजयवर्गीय का आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति का प्रतीक शॉल एवं नंदी भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव और छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम राज भी उपस्थित थे।

## ब्रेकिंग न्यूज

### दक्षिण कोरिया में नौसेना का गश्ती विमान क्रैश, 4 लोग थे सवार

**नई दिल्ली,** 29 मई (न्यूज चैनल)। दक्षिण कोरियाई नौसेना का एक गश्ती विमान गुरुवार को एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान देश के दक्षिणी हिस्से में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में चार लोग सवार थे। नौसेना ने कहा है कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि हादसे में किसी की जान गई है या नहीं। नौसेना के बयान के अनुसार, यह विमान दोपहर 1ः43 बजे दक्षिण-पूर्वी शहर पोहांग स्थित अपने बेस से उड़ान भरा था, लेकिन अज्ञात कारणों से यह जमीन पर गिर गया।

नौसेना ने कहा है कि विमान में सवार चार लोगों की स्थिति और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने देखी दुर्घटना, विस्फोट की भी सूचना है। पोहांग के एक आपातकालीन कार्यालय के अनुसार, स्थानीय निवासियों से सूचना मिली कि आकाश से कोई अनजान वस्तु गिर रही है और उसके बाद विस्फोट हुआ। इस पर दमकल वाहन और बचावकर्मियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया।पोहांग के नामबू पुलिस स्टेशन ने पुष्टि की है कि यह दुर्घटना नौसेना के गश्ती विमान से संबंधित थी, लेकिन उन्होंने अभी तक किसी मृत्यु या घायल होने की पुष्टि नहीं की है।

### भारत आ सकते हैं एलन मस्क के पिता एरोल मस्क, अयोध्या में करेंगे रामलला के दर्शन



**नई दिल्ली,** 29 मई (न्यूज चैनल)। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क के पिता एरोल मस्क जल्द ही भारत दौरे पर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स और इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक, एरोल मस्क जून महीने में भारत आने वाले हैं, जहां वे उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम मंदिर जाकर भगवान श्रीरामलला के दर्शन करेंगे।

बताया जा रहा है कि एरोल मस्क की अयोध्या यात्रा उनके दौरे का सबसे खास हिस्सा होगी। वे राम जन्मभूमि पर बने भव्य श्रीराम मंदिर में दर्शन कर भगवान श्रीरामलला का आशीर्वाद लेंगे। यह यात्रा भारत की संस्कृति और अध्यात्म के प्रति उनकी श्रद्धा और सम्मान को दर्शाती है। एरोल मस्क हाल ही में भारत की घरेलू इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग कंपनी सर्वोटेक पावर सिस्टम्स के ग्लोबल एडवाइजरी बोर्ड से जुड़े हैं। इसी सिलसिले में वे भारत दौरे पर आ रहे हैं। यह कंपनी ग्रीन एनर्जी, ईवी चार्जिंग स्टेशन और सोलर एनर्जी के क्षेत्र में काम करती है।

## छत्तीसगढ़ कैडर के दो आईएएस सेंट्रल डेपुटेशन पर अन्बलगन पी और अलरमेलमंगई डी को मिली जिम्मेदारी

**रायपुर,** 29 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ कैडर के 2004 बैच के आईएएस दंपती को केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी मिली है. आईएएस अन्बलगन पी को कृषि विभाग में संयुक्त सचिव और आईएएस अलरमेलमंगई डी को आयुष मंत्रालय में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। बता दें कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 41 आईएएस अफसरों की संयुक्त सचिव पद पर नियुक्तियों को मंजूरी दी है. आईएएस योगिता राणा के स्थान पर छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अन्बलगन पी को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है. वहीं आईपीएस भावना सक्सेना के स्थान पर छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अलरमेलमंगई डी को आयुष मंत्रालय में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।



अन्बलगन पी यूपीएससी 2003 निकालकर 2004 बैच के आईएएस बने. उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर एलॉट हुआ. उन्होंने 6 सितंबर 2004 को आईएएस की सेवा ज्वाइन की. अंबलगन पी दंतेवाड़ा, कोरिया और बिलासपुर जिला पंचायत के सीईओ रहे. उसके बाद जांजगीर, जगदलपुर और बिलासपुर के कलेक्टर रहे. माइनिंग डायरेक्टर के साथ ही वे स्टेट माईनिंग कारपोरेशन के एमडी रहे. इसके बाद हेल्थ डायरेक्टर, डायरेक्टर जनसपंर्क, एमडी मार्कफेड रहे. वे 2019 में सचिव प्रमोट हुए. फिर खनिज सचिव, पीएचई सचिव के अलावा जल संसाधन विभाग के सचिव रहें. वे सामान्य प्रशासन विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के सचिव भी रहे. वर्तमान में वे केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर हैं। वहीं अलरमेलमंगई डी ने यूपीएससी 2003 निकाला था. उन्हें 2004 बैच व छत्तीसगढ़ कैडर एलॉट हुआ. उन्होंने 6 सितंबर 2004 को आईएएस की सर्विस ज्वाइन की. अलरमेलमंगई डी कांकेर, महासमुंद, रायगढ़ जिलों की कलेक्टर रहीं. वे संचालक संचालनालय भौमिकी व खनिकर्म भी रहीं. सचिव नगरीय प्रशासन विभाग व संचालक नगरीय प्रशासन विकास विभाग, सचिव उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा व रोजगार विभाग रहीं. छत्तीसगढ़ राज्य की पहली पूर्णकालिक वित्त सचिव अलरमेलमंगई डी ही बनीं. वे श्रमायुक्त व श्रम सचिव के पद पर भी रहीं. वर्तमान में वे केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर हैं।

### रानू साहू, सौम्या चौरसिया और सूर्यकांत तिवारी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**रायपुर,** 29 मई (हाईवे चैनल)। इधर कोयला लेवी घोटाले में आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, सूर्यकांत तिवारी और सौम्या चौरसिया के लिए राहत भरी खबर है. सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है. कोयला लेवी मामले में आरोपियों की याचिका पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की डबल बैंच ने सुनवाई करने के बाद शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है. हालांकि, इन आरोपियों को ईओडब्ल्यू में कई अन्य मामलों की वजह से जेल में ही रहना होगा.

## ट्यूशन टीचर को 5 साल की हुई सजा, छेड़छाड़ मामले में दोषी करार

**दुर्ग,** 29 मई (हाईवे चैनल)। जिले में ट्यूशन के दौरान एक टीचर ने 11 साल की बच्ची से गंदी हरकत की है। घटना 12 फरवरी 2024 की है। जहां बच्ची हामिद अली (50 वर्ष) के घर पर उर्दू और अरबी का ट्यूशन पढ़ने जाती थी तभी उसने बच्ची से अश्लीलता की थी। मामला पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र का है। बच्ची ने परिजनों को पूरी बात बताई जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज हुआ। मामला जिला कोर्ट में चल रहा था। जिस पर फैसला आया है। आरोपी को 5 साल कैद की सजा सुनाई गई है।




फोकटपारा कसारीडीह वार्ड 44 का रहने वाला आरोपी हामिद अली के घर कई बच्चियां ट्यूशन पढ़ने जाती थीं। 12 फरवरी को नाबालिग बच्ची ट्यूशन पढ़ने गई, लेकिन उस समय घर में कोई नहीं था। अकेला पाकर हामिद अली बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। बच्ची ने विरोध किया तो उसने उसे धमकी दी। इसके बाद बच्ची ट्यूशन से घर चली गई। अगले दिन बच्ची फिर आई और उसने ये बात किसी को नहीं बताई। इससे हामिद अली उसे और ज्यादा परेशान करने लगा। नाबालिग परेशान होकर अपनी मां को पूरी बात बताई। बच्ची ने कहा अब वो उस टीचर के पास ट्यूशन पढ़ने नहीं जाएगी। उर्दू के गुरुजी गंदे है और गंदी हरकतें करते है। इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर थाना पहुंचे। विशेष लोक अभियोजक रूप वर्षा से मिली जानकारी के मुताबिक मामले की सुनवाई न्यायाधीश अनीश दुबे की कोर्ट में की गई। उन्होंने हामिद अली को नाबालिग से छेड़छाड़ का दोषी पाया गया और 5 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

## पंजाब में आप नेता और साथी पर फायरिंग

**नई दिल्ली,** 29 मई (न्यूज चैनल)। मोगा ज़िले के ऐतिहासिक गांव बिलासपुर में दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर दो व्यक्तियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, आम आदमी पार्टी की ओर से सरपंची का चुनाव लड़ चुके स्पोर्ट्स क्लब प्रधान गुरमीत सिंह उर्फ गीता और उसका साथी अमनदीप सिंह अमना गांव बिलासपुर के बस स्टैंड पर खड़े थे, तभी दो हथियारबंद मोटरसाइकिल सवार आए और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। फायरिंग में घायल गुरमीत सिंह गीता को मोगा के मैडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अमनदीप सिंह अमना को हालत गंभीर होने के चलते डीएमसी लुधियाना रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मोगा ज़िले के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी गई है।

## दुधावा जलाशय की मछलियों ने अमेरिका में बनाई पहचान, 'लोकल टू ग्लोबल' से खुले रोजगार के नए अवसर

**कांकेर,** 29 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले स्थित दुधावा जलाशय की मछलियों ने अब अंतरराष्ट्रीय पहचान बना ली है. हाल ही में यहां की मछली पहली बार अमेरिका निर्यात की गई, जिससे स्थानीय मछुआरों और मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों में उत्साह की लहर है. जल संसाधन और मत्स्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, दुधावा जलाशय की मछलियों की गुणवत्ता और स्वाद के कारण उनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ी है. निर्यात के लिए विशेष रूप से तैयार की गई पंगेसियस एवं तिलापिया प्रजाति की मछलियों की पहली खेप अमेरिका भेजी गई, जहां इसकी काफी सराहना हो रही है. इस सफलता से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा. मत्स्य सहकारी समितियों के माध्यम से रोजगार के नए अवसर खुलेंगे और आने वाले समय में अन्य देशों में भी दुधावा जलाशय की मछलियों का निर्यात किया जा सकेगा. जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि को 'मेक इन इंडिया' और 'लोकल टू ग्लोबल' पहल के तहत एक बड़ी कामयाबी बताया है. वहीं, मछुआरों को अब उन्नत प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता भी दी जा रही है ताकि वे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पादन कर सकें.

## खतरे में 'स्वास्थ्य मितान' की नौकरी, स्वास्थ्य मंत्री ने दिया आश्वासन, कहा- अनुभव के आधार पर दी जाएगी प्राथमिकता

**रायपुर,** 29 मई (हाईवे चैनल)। कंपनी का टेंडर समाप्त होने के बाद से स्वास्थ्य मितानों की नौकरी खतरे में है. यही नहीं तीन महीने से तनख्वाह भी नहीं मिली है. स्थिति से परेशान सैकड़ों स्वास्थ्य मितान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात करने उनके बंगले पहुंचे. स्टेट नोडल एजेंसी में कलेक्टर दर पर समायोजन करने की उनकी मांग पर मंत्री ने अनुभव को ध्यान में रखते हुए नौकरी पर रखने का भरोसा दिलाया.




स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के पास ज्ञापन सौंपने पहुंचे कर्मचारियों ने कहा कि देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सहायता योजना 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले हम लगभग 750 स्वास्थ्य मितान को राज्य सरकार ने एक झटके में बेरोजगार कर दिया है. हम स्वास्थ्य मितान के थर्ड पार्टी एफएचपीएल कंपनी का टेडर 30 अप्रैल को समाप्त कर दिया गया, और उसे बिना किसी विस्तार या विकल्प के रद्द कर दिया गया है. बता दें कि स्वास्थ्य मितान को पहले कियोस्क ऑपरेटर के रूप में जाना जाता था. राज्य के सभी 33 जिलों में पिछले 10 से 12 वर्षों लगातार सेवाए दे रहे थे. ये कर्मचारी थर्ड पार्टी कंपनियों के माध्यम से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कई महत्वपूर्ण कार्य जैसे आयुष्मान कार्ड, व्यय वंदना कार्ड, आभा कार्ड, एवं साथ-साथ मरीजों के उपचार में क्लेम प्रोसेसिंग, वेरिफिकेशन ऑडिट व अपलोडिंग के अलावा ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों के मरीजों को विभिन्न शिविरों के माध्यम से लाभ दिलाने जैसे अहम दायित्व निभा रहे थे.

स्वास्थ्य मितानों से मुलाकात के बाद स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि आयुष्मान योजना के कर्मचारी हैं, इनको यह काफी लंबे समय से काम का अनुभव है. उनकी समयावधि पूर्ण हो चुकी है. विभाग में इसका ऑडिट करेंगे. स्वास्थ्य विभाग में उनकी समायोजित करने की मांग का नियमानुसार परीक्षण कराएंगे. इनको काम का लंबा अनुभव है, जिसे ध्यान में रखते हुए निश्चित रूप से हम इनको रखेंगे. यदि विभागीय करना होगा, तो उसमें भी उनके अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी. उन्होंने कहा कि जब से मैं स्वास्थ्य मंत्री बना हूं, हर बार तीन-चार महीने की सैलरी नहीं मिलने की शिकायत रहती ही है. हम बराबर पेमेंट कर रहे हैं. एजेंसी के माध्यम से इन लोग को पेमेंट मिलेगा. आने वाले समय में या तो कोई अन्य पार्टी ऑडिट के लिए ठेका लेगी, उसके माध्यम से करेंगे. और अगर हम ठेका नहीं देंगे तो निश्चित रूप से भारत सरकार के मैनेजर की गाइडलाइन में जो है या जो कलेक्टर दर है, उसके आधार पर इनको काम दिया जाएगा.

### कोरोना के नए वैरियंट को लेकर कहा- यह असरकारक नहीं, इमरजेंसी के लिए प्रदेश में पर्याप्त व्यवस्था

कोरोना के नए वैरियंट को लेकर देश-दुनिया में मची हलचल के बीच स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का बड़ा बयान आया है. उन्होंने कहा कि यह (वैरियंट) असरकारक नहीं है. प्रदेश में कोरोना के अब तक 3 मरीजों की पुष्टि हुई है, जिनकी हालत सामान्य है. प्रदेश में इमरजेंसी के लिए बेड, दवाइयां और ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था है, वैसे ऐसी स्थिति की उम्मीद नहीं है.

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया से चर्चा में बीपीएल राशन कार्डधारकों को 3 माह का चावल एक साथ दिए जाने को लेकर कहा कि भारत सरकार के बीपीएल कार्डधारकों को शामिल करेंगे.,क्क कोटे का चावल कम लोग उठाते हैं. दीपक बैज की न्याय यात्रा में कांग्रेस के बड़े नेता के शामिल नहीं होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस को अन्य यात्राएं छोड़ देनी चाहिए. अब कांग्रेस बचाओ यात्रा निकालनी चाहिए. वहीं एमएसपी बढ़ने से छत्तीसगढ़ किसानों की धान खरीदी राशि पर पड़ने वाले असर पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि 31 सौ रुपए क्विंटल किसानों को मिलता है. दो साल से सरकार किसानों को राशि दे रही है. आगे भी किसानों को 31 सौ के दाम से देते रहेंगे. वहीं केंद्र सरकार के एमएसपी बढ़ने की घोषणा पर श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने धान की स्स्क में 70 रुपए की बढ़ोतरी की है. मोटे और पतले अनाज में 70 रुपए बढ़ाया है. 2370 और 2390 रुपए कर दिया गया है. प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ को बड़ा तोहफा दिया है.




चूहा- सुनती हो, पीएम मोदी ने धान की एमएसपी में 69 रुपए की बढ़ोतरी की है।
चुहिया- हां जी, लेकिन वो तो किसान की आय दुगुनी कर देंगे बोले थे..!

CMYK